# बादल गायब होते ही बढ़ने लगा पारा, सताने लगी गर्मी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12 अप्रैल।** ग्वालियर से बादल पूरी तरह से गायब हैं, जिसके कारण सूर्यदेव की तीखी धूप आना प्रारंभ हो गई है, जिससे तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है, आने वाले एक-दो दिन में तापमान सामान्य से ज्यादा हो जाएगा। ग्वालियर का न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 1.4 डिग्री कम है, जबकि अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 2.5 डिग्री कम है। रात के समय हवा में नमी की मात्रा 56 प्रतिशत रही जो कि सामान्य से 17 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल माह का दूसरा पखवाड़ा के शुरूआत में गर्मी से होने की संभावना बढ़ गई है, अप्रैल माह में पड़ने वाली गर्मी की झलक दूसरे पखवाड़े में देखने को मिलेगी। मार्च माह से लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ का असर अब खत्म हो गया है, फिलहाल अभी कोई पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं है, जिसके चलते अप्रैल-मई में गर्मी अपना असर दिखाएगी। मौसम विभाग के अनुसार मई-जून गर्म रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो से तीन दिनों में तापमान सामान्य से अधिक हो जाएगा, जिसके चलते फिर से कूलर, एसी चलने लगेंगे।

**चुभने लगी दोपहर की धूप :** शहर का तापमान सामान्य से कम है, जिसके चलते रात होते ही हल्की ठंड होना शुरू हो जाती है। जिसके चलते लोगों को रात के समय पंखे चलाने के साथ कंबल ओढ़ना पड़ रहा है। हालांकि रविवार की सुबह से तेज धूप का निकलना शुरू हो गया है, जिसके चलते सुबह 11 बजे तेज धूप लोगों को चुभने लगी है।

**दो दिन बाद कूलर-एसी होंगे शुरू**

अभी रात के समय लोग पंखे मैं आराम से सो पा रहे हैं, जबकि दो से तीन दिनों में रात का तापमान बढ़ते ही कूलर एवं एसी चलना शुरू हो जाएंगे, वर्तमान में रात के समय लोगों के घरों में कूलर एवं एसी बंद पड़े हैं, जबकि कई घरों में तो अभी तक कूलरों की सफाई तक नहीं हुई है।

# रन चेज करने में आरसीबी के सामने मुंबई हुई पस्त



**मुंबई 12 अप्रैल.** आईपीएल 2026 का 20वां मैच रविवार को मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया. इस मैच में आरसीबी ने 18 रनों से जीत हासिल की. ये मैच मुंबई के वानखेड़े मैदान पर हुआ. जहां टॉस जीतकर मुंबई ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. आरसीबी ने रजत पाटीदार, कोहली और साल्ट की फिफ्टी के दम पर 240 रन बनाए थे. लेकिन इसके जवाब में मुंबई की टीम 222 रन ही बना सकी.

241 रनों के जवाब में उतरी मुंबई की पारी का आगाज रोहित शर्मा और रिकेल्टन ने किया. दोनों ने 72 रन जोड़े. लेकिन इससे पहले रोहित शर्मा रिटायर्ड आउट हो गए. वहीं, रिकेल्टन 37 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद तिलक 1 रन बनाकर आउट हुए. 13वें ओवर में सूर्या 33 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद हार्दिक पंड्या ने मोर्चा संभाला और 22 गेंद में 40 रनों की पारी खेली. इसके बाद रदरफोर्ड ने 31 गेंदों में 71 रनों की नाबाद पारी खेली. लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके. मुंबई ने आरसीबी के 240 रनों के जवाब में मुंबई 5 विकेट खोकर 222 रन बनाए. इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए इसके बाद रजत पाटीदार 53 रन की आतिशी पारी खेली और विराट कोहली ने 50 रन बनाए.

## स्कोर बोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बल्लेबाजी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट | 78 | 36 | 6 | 6 |
| विराट कोहली | 50 | 38 | 5 | 1 |
| रजत पाटीदार | 53 | 20 | 4 | 5 |
| टिम डेविड | 34 | 16 | 2 | 3 |
| जितेश शर्मा | 10 | 9 | 1 | 0 |
| रोमारियो शेफर्ड | 2 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 13, **कुल** 20 ओवर में 240/4

**मुंबई गेंदबाजी-** ट्रेंट बोल्ट 4-0-50-1, हार्दिक पंड्या 4-0-39-1, जसप्रीत बुमराह 4-0-35-0, सैंटनर 4-0-43-1, मयंक मारकंडे 2-0-40-0, शार्दुल ठाकुर 2-0-32-1.

**मुंबई इंडियंस बल्लेबाजी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रायन रिकेल्टन | 37 | 22 | 3 | 3 |
| रोहित शर्मा | 19 | 13 | 2 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव | 33 | 22 | 5 | 0 |
| तिलक वर्मा | 1 | 3 | 0 | 0 |
| हार्दिक पंड्या | 40 | 22 | 6 | 1 |
| शेरफेन रदरफोर्ड | 71 | 31 | 1 | 9 |
| नमन धीर | 1 | 2 | 0 | 0 |
| मिशेल सैंटनर | 8 | 6 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त** 12,
**कुल** 20 ओवर में 222/5

**बेंगलुरु गेंदबाजी-** जैकब डफी4-0-58-1, भुवनेश्वर कुमार 4-0-38-0, रसिख सलाम 2.5-0-23-1, क्रुणाल पंड्या 4-0-26-1, सुयश शर्मा 4-0-47-2, रोमारियो शेफर्ड 1.1-0-28-0.

# आज बाबा साहब की 16 प्रतिमाओं पर विधायक डॉ. सिकरवार करेंगे माल्यार्पण

**बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर आज होगा 5100 वरिष्ठ महिला एवं पुरुषों का सम्मान**

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12 अप्रैल।** 16 ग्वालियर से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार आज 13 अप्रैल को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ग्वालियर पूर्व विधानसभा में 16 स्थानों पर स्थापित संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करेंगे। माल्यार्पण कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्थानों पर 5100 वरिष्ठजनों का पुष्पमाला पहनाकर एवं श्रीफल व वस्त्र भेंट कर सम्मान कार्यक्रम एवं समता भोज का भी आयोजन किया गया है। यह जानकारी आज विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने दी।

डॉ. सिकरवार ने बताया कि बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर 13 अप्रैल को 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के 16 स्थानों पर जहां बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित है, वहां सभी स्थानों पर अलग-अलग समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर नमन किया जायेगा, उसके पश्चात् अलग, अलग स्थानों पर कुल 5100 वरिष्ठ महिला एवं पुरुषों को पुष्पमाला पहनाकर एवं श्रीफल व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया जायेगा और सभी स्थानों पर समता भोज का भी आयोजन किया गया है।

विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि अगले दिन 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती पर अम्बेडकर पार्क फूलबाग में 1 लाख लोगों के लिये समता भोज का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 9 बजे से शुरू होकर देर रात्रि तक होगा। बाबा साहब की जयंती कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है एवं 13 अप्रैल की रात तक सभी तैयारियां पूरी जायेगी।

**आज इन स्थानों पर होगें सम्मान ओर समता भोज के आयोजन**

16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के वार्ड क्रमांक 18 में अम्बेडकर पार्क दीनदयाल नगर, वार्ड क्रमांक 19 में जडेरूआ पिन्टू पार्क, वार्ड क्रमांक 21 में कबीर आश्रम विवेक नगर आसमानी माता मंदिर के सामने मेला के पास, वार्ड क्रमांक 22 में सुजाता बुद्ध विहार मरघट के सामने सुरेश नगर के पास थाठीपुर, वार्ड क्रमांक 23 में सरकारी मल्टी सुरेश नगर थाठीपुर, वार्ड क्रमांक 23 में चमडा कारखाना कबीर कॉलोनी के पास मुरार, वार्ड क्रमांक 23 में सखवार धर्मशाला गल्ला कोठार थाठीपुर, अजाक्स कार्यालय में थाठीपुर, वार्ड क्रमांक 24 में डूडी की बगिया बुद्ध विहार सुरेश नगर, थाठीपुर, वार्ड क्रमांक 28 में आनन्द नगर बजरिया थाठीपुर, वार्ड क्रमांक 26 में अम्बेडकर भवन अखाडे के पास खटीक मौहल्ला मुरार, वार्ड क्रमांक 60 में अम्बेडकर पार्क हुरावली, वार्ड क्रमांक 56 में सखी बाबा आश्रम देवनगर नाकाचन्द्रवदनी, वार्ड क्रमांक 57 में अम्बेडकर भवन बीजासेन मौहल्ला नाकाचन्द्रवदनी, वार्ड क्रमांक 58 में पी.एम.एस हॉस्टल हरिशंकरपुरम, अजाक्स कार्यालय में रेसकोर्स रोड आयोजन किया जायेगा।

# नियमों की अनदेखी के कारण दो कॉलेजों पर गिरी गाज

**संभाग के कॉलेजों की संबद्धता को लेकर स्थिति स्पष्ट**

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12 अप्रैल।** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2026-27 के लिए ग्वालियर-चंबल संभाग के कॉलेजों की संबद्धता को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है। विभाग द्वारा जारी की गई 16 कॉलेजों की सूची में से 11 महाविद्यालयों को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी कर दिया गया है, जबकि तकनीकी खामियों और नियमों की अनदेखी के चलते 5 कॉलेजों के आवेदनों को आंशिक या पूर्ण रूप से अमान्य कर दिया गया है। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिन कॉलेजों को एनओसी नहीं मिली है, उनके पीछे ठोस कारण बताए गए हैं। विशेष रूप से मुरैना के तीन और ग्वालियर के दो प्रमुख कॉलेजों पर गाज गिरी है।

एक कॉलेज को बीकॉम कंप्यूटर विषय की निरंतरता के लिए मान्यता नहीं दी गई है। उच्च शिक्षा की अनिवार्य मान्यता न होने के कारण इसे अमान्य किया गया है, हालांकि शेष विषयों के लिए एनओसी जारी कर दी गई है।

इसी तरह एक संस्थान ने भौतिक निरीक्षण के दौरान अपनी असमर्थता व्यक्त की थी। निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार, कॉलेज द्वारा जांच में सहयोग न करने के कारण विभाग ने इसे अमान्य करने का प्रस्ताव दिया है।

# कांग्रेस ने वार्ड 6 एवं 14 में किया कमेटियों का गठन

**कांग्रेस अध्यक्ष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नियुक्ति**

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12 अप्रैल।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंशानुरूप संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे कांग्रेस अध्यक्ष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज वार्ड क्रमांक 06, वार्ड क्र. 11 एवं 14 में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वार्ड कमेटियों का गठन किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मुनेन्द्र भदौरिया, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मवीर राठौर, एमआईसी मेंबर पार्षद विनोद यादव माठू सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही। सुरेन्द्र यादव एवं सुनील शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज रही है और अब हर वार्ड, हर गली, हर घर तक संगठन को पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। नवनियुक्त वार्ड अध्यक्षों ने कहा कि हम अपने-अपने वार्ड में कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे। बैठक में संगठन को मजबूत करने, जमीनी स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाने तथा कांग्रेस की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

# गर्भ से लेकर वैराग्य तक की यात्रा का किया नृत्यात्मक मंचन

**भगवान महावीर के बाल रूप का पालना झुलाना रहा आकर्षण का केन्द्र**




**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12 अप्रैल।** जैन सोशल ग्रुप ग्वालियर इंटरनेशनल की महिला इकाई जेएसजी संगिनी नारीशक्ति ग्वालियर' द्वारा भगवान महावीर स्वामी का दिव्य कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ इंपीरियल शाह के सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भगवान महावीर के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भगवान महावीर स्वामी के जीवन की यात्रा गर्भ कल्याणक से लेकर वैराग्य तक का मनमोहक नृत्य के माध्यम से मंचन किया गया जिसने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। समाज के प्रवक्ता ललित जैन भारती ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रिया जैन ने आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं ऋतु जैन एवं पूनम जैन ने मंगलाचरण की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। संगिनी अध्यक्ष अनीता जैन ने स्वागत भाषण में भगवान महावीर के 'जियो और जीने दो' के संदेश को वर्तमान समय में विश्व शांति के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। आरती थाली सजाओ प्रतियोगिता में रेनू जैन ने प्रथम, ज्योति जैन ने द्वितीय तथा रीना जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं खेल प्रतियोगिता में मीनू जैन विजेता रहीं। इसके साथ ही सदस्यों ने धार्मिक हाउसी का भी आनंद लिया। कार्यक्रम का आकर्षण भगवान महावीर के बाल रूप का पालना झुलाना रहा, जिसमें सदस्यों ने भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए सहभागिता की। मंच का संचालन डॉ. याशी जैन ने अपनी काव्यमयी एवं प्रभावशाली शैली में किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर संरक्षक सुनीता जैन एवं नविता जैन, संस्थापक अध्यक्ष सुप्रिया जैन, सह-सचिव शोभना जैन, कोषाध्यक्ष ममता जैन, डॉ याशी जैन, सहित नीतू मोदी, संगीता कागदी, निकिता जैन, आरती जैन, अनीता जैन डैल, आकांक्षा जैन, पायल जैन एवं अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## बकरी चुरा कर ले जा रहा बाइक सवार, ग्रामीणों ने घेरकर दबोचा

**ग्वालियर, 12अप्रैल।** बाइक सवार दो युवक खेत में चर रही बकरी व उसके बच्चे को चुराकर ले गए। घटना पुरानी छावनी इलाके की है। जिसमें बकरी मालिक की सूचना पर जुटे ग्रामीणों ने घेराबंदी करते हुए चोरों को दबोच लिया, जिन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। ग्राम मागूपुरा निवासी रिंकू कुशवाह बीती सुबह खेत में बकरी चरा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक बकरी व उसके बच्चे को उठाकर भाग निकले। यह देख रिंकू सूचना दी। जिस पर ग्रामीणों ने घेराबंदी करते हुए दोनों चोरों को धर दबोचा। जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम वीरू जाटव निवासी बामौर व रज्जो गुर्जर निवासी नूराबाद बताया है। जिनकी ग्रामीणों ने जमकर खबर लेने के बाद पुलिस कर दिया है।

# गर्मी के मौसम में किसी भी क्षेत्र में पेयजल की समस्या नहीं आना चाहिए

**कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश**

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12 अप्रैल।** कलेक्टर रुचिका चौहान ने कहा है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल प्रबंधन के लिये पुख्ता प्रबंधन किए जाएं। शहर के किसी भी वार्ड में गर्मी के मौसम में नागरिको को पेयजल की समस्या न आए। इसके साथ ही नाला सफाई के कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ किया जाए ताकि बरसात के दौरान जल भराव की स्थिति न हो। कलेक्टर ने रविवार को नगर निगम के बाल भवन सभागार में पेयजल प्रबंधन, सीवर संधारण एवं वायु सुधार कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। बाल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में पेयजल प्रबंधन, सीवर संधारण एवं वायु सुधार कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, अपर आयुक्त नगर निगम प्रतीक राव, अपर आयुक्त मुनीष सिकरवार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी हैंडपंपों और ट्यूबवेलों में क्लोरीनेशन का काम कराया जाए। इसके साथ ही पानी की सेम्पलिंग का कार्य भी अभियान चलाकर 7 दिन में किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि शहर में कहीं पर भी बोर खुला नहीं पाया जाना चाहिए। इसके साथ ही शहर में स्थापित सभी हैंडपंपों के संधारण का कार्य भी अभियान चलाकर किया जाए। गर्मी के मौसम में कोई भी हैंडपंप बंद नहीं रहना चाहिए। जिन क्षेत्रों में पेयजल वितरण में समस्या है, उन क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार बोर कराने का कार्य भी किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि जिन क्षेत्रों में बोर कराया जाए वहां पर 5 हजार लीटर क्षमता की टंकी भी अवश्य रखवाई जाए। बहुत आवश्यक होने पर ही टैंकर के माध्यम से पानी की उपलब्धता कराई जाए।

कलेक्टर ने कहा है कि सीएम हैल्पलाइन में पेयजल समस्या के संबंध में जो भी शिकायतें पंजीबद्ध हैं उनके निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। गर्मी के मौसम में पेयजल वितरण व्यवस्था में पानी के टैंकरों के लिये जनप्रतिनिधियों से भी उनकी निधि से टैंकर प्रदान करने का आग्रह किया जाए।

सीवर संधारण की समीक्षा करते हुए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बरसात से पहले सभी नालों की सफाई का अभियान चलाकर कार्य किया जाए। सीवर संधारण के संबंध में भी सीएम हैल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत किया जाए। गंदे पानी की शिकायत कहीं से भी प्राप्त होने पर सर्वोच्च प्राथमिकता से उसे ठीक करने का कार्य किया जाए।

कलेक्टर ने कहा है कि जिन क्षेत्रों में पानी का जो स्तर नीचे जाता है उन स्थानों पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य हाथ में लिए जाएं। इसके साथ ही हैंडपंपों और पानी के बोरों के आसपास प्लेटफार्म निर्माण के कार्य को भी प्राथमकता से किया जाए ताकि गंदे पानी की कोई शिकायत न रहे। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त से कहा है कि शहर में जिन स्थानों पर नालों में कचरा डालने की शिकायतें रहती हैं उन स्थानों पर नाले पर जाली लगाने की कार्ययोजना भी तैयार की जाए ताकि सफाई के उपरांत नालों में कचरा न डाला जा सके।

**वायु सुधार कार्यक्रम की हुई समीक्षा**

कलेक्टर ने शहरी क्षेत्र में वायु सुधार कार्यक्रम के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शहर में वायु सुधार के लिये आवश्यक सभी प्रबंधन करने के निर्देश दिए। वायु सुधार कार्यक्रम के लिये निगम के माध्यम से 20 करोड़ रुपए का प्रावधान था, जिसके विरूद्ध 9 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक के काम किए गए हैं। शेष राशि के कार्य भी हाथ में लिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि शहरी क्षेत्र में ऐसे स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र चिन्हित किए जाएं जहां पर बरसात के दौरान पानी भरने अथवा कीचड़ होने की शिकायत रहती है। इन सभी स्थानों पर पेवर ब्लॉक लगाने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शहर में जितने भी स्थानों पर फाउण्टेन लगे हुए हैं उन स्थानों पर फॉकर लगाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने वायु सुधार के लिये फॉकर वाहन की आवश्यकता बताने के साथ ही कंपनी द्वारा दिए गए प्रस्ताव के संबंध में भी जानकारी दी।



## अतिक्रमण हटाने व आवारा पशु पकड़ने की संयुक्त कार्यवाही चली

**ग्वालियर, 12 अप्रैल।** शहर में आज नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने एवं आवारा पशुओं को पकड़ने की व्यापक कार्यवाही की गई। निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न क्षेत्र गांधी मार्केट सहित विभिन्न स्थानों पर हाथ ठेले हटाकर अस्थायी अतिक्रमण समाप्त किया गया। मदाखलत नोडल अधिकारी केशव सिंह चौहान एवं संबंधित अधिकारियों के निर्देशन में हजीरा चौराहा, चार शहर का नाका, किलागेट रोड, इंटेक मैदान के बाहर तथा मांडरे की माता मुख्य मार्ग पर यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे ठेले वालों को हटाया गया। इस दौरान मदाखलत निरीक्षक एवं अन्य अमला उपस्थित रहा। इसके साथ ही डीडी नगर, हुरावली एवं ठाठीपुर क्षेत्रों में मवेशी दल द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही की गई। हुरावली क्षेत्र से एक सांड को पकड़कर गौशाला भेजा गया। नगर निगम की इस संयुक्त कार्रवाई का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना एवं नागरिकों को सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण प्रदान करना है।

# वार्ड 55 में सीसी सड़कों का लोकार्पण एवं दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण आज

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12 अप्रैल।** शहर के वार्ड 55 में विकास कार्यों की श्रृंखला लगातार आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में कल सोमवार, 13 अप्रैल को सायं 5:30 बजे लियाकत चाचा के घर के पास, खजांची बाबा दरगाह पर अनेक सीसी सड़कों का लोकार्पण एवं दिव्यांग हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर उपस्थित रहेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति मनोज तोमर द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी एवं मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंझवार भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के साथ-साथ दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों में इस आयोजन को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# जेसीआई ग्वालियर का 35वां ग्वालियर रत्न अलंकरण 18 को

**इसी दिन अध्याय का 62वाँ स्थापना दिवस भी मनेगा**

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 12 अप्रैल।** जेसीआई ग्वालियर का बहुप्रतीक्षित व प्रतिष्ठित कार्यक्रम 35 वाँ ग्वालियर रत्न अलंकरण एवं अद्वितीय युवा प्रतिभा सम्मान समारोह 18 अप्रैल को शाम 7:30 बजे होटल रैडिसन में आयोजित किया जा रहा है । यह अलंकरण संस्था द्वारा वर्ष 1992 से प्रतिवर्ष अनवरत दिया जा रहा है । इसी दिन अध्याय का 62 वाँ स्थापना दिवस भी मनेगा।

ग्वालियर रत्न अलंकरण समिति के चेयरमैन निवर्तमान अध्यक्ष अभिनव सिंघल हैं। जेसीआई ग्वालियर सन् 1992 से प्रतिवर्ष ग्वालियर रत्न अलंकरण व अद्वितीय युवा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करता आ रहा है। इसके अंतर्गत शहर की उन प्रतिभाशाली हस्तियों को सम्मानित किया जाता है जिसने अपने कार्य से ग्वालियर शहर का नाम गौरवान्वित किया है जिसमें प्रतिभागी की जन्मभूमि या उसका कार्यक्षेत्र ग्वालियर रहा हो। इसमें सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागी की उम्र 18 से 40 वर्ष तक होनी चाहिये ।

ग्वालियर रत्न अलंकरण निम्न वर्णित में से किसी भी एक क्षेत्र में से ही दिया जायेगा एवं जिस क्षेत्र में ग्वालियर रत्न दिया गया है उसके अतिरिक्त बचे हुए 9 कार्यक्षेत्रों में से प्रत्येक क्षेत्र से किसी एक प्रतिभागी को उसके कार्यक्षेत्र में उसके योगदान के लिए अद्वितीय युवा प्रतिभा सम्मान दिया जाता है।

इच्छुक युवा इस हेतु आवेदन फार्म ऑनलाइन या ऑफलाइन सेंटर्स से प्राप्त कर सकते हैं। यह प्रतियोगिता पूर्ण रूप से नि:शुल्क है । इस हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन हमा बेबसाइट से भी डाउनलोड कर सकते है। अगर शहरवासी किसी ऐसी शख्शियत के बारे में कोई जानकारी रखते हैं तो इन्हें भी सूचित कर सकते है, कार्यक्रम उपसंयोजक अंकुर बंसल, तरुण बंसल, कार्यक्रम संयोजक विपुल रजवाड़े, प्रभारी उपाध्यक्ष सुमित सिंघल, लेडी जेसी चेयरपर्सन लेडी शिवानी अग्रवाल, मानसेवी सचिव विजय अग्रवाल, कार्यक्रम कन्वेनर वरुण अग्रवाल, कमेटी चेयरमैन अभिनव सिंघल, अध्यक्ष कपिल अग्रवाल, जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप अग्रवाल।